मध्य प्रदेश में दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यक्रमों का प्रसारण क्षेत्र

2360. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यक्रमों का प्रसारण मध्य प्रदेश में कितने क्षेत्रों तक पहुंचता है ;

(ख) क्या यह सच है कि राज्य के एक बड़े हिस्से में, जो कि आदिवासी बाहुल क्षेत्र है, आकाशवाणी और दूरदर्शन के कार्यक्रमों का प्रसारण नहीं पहुंचता है; और

(ग) राज्य के शेष भागों को आकाशवाणी/दूरदर्शन के प्रसारण क्षेत्र में लाने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं अथवा उठाये जाने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) मध्य प्रदेश में इस समय 94.5% क्षेत्र रेडियो से और 52.2% क्षेत्र टी0वी0 से कवर होते हैं।

(ख) जी, नहीं । राज्य के सभी जिले राज्य के मौजूदा आकाशवाणी केन्द्रों के प्रसारणों से कवर किये जा रहे हैं। और जनजातीय उप-योजना क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले जिले पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से दूरदर्शन सेवा द्वारा कवर होते हैं।

(ग) मध्य प्रदेश में रेडियो/टी0वी0 कवरेज को सुदृढ़ करने/विस्तार करने के लिये निम्नलिखित परियोजनाओं का काम विभिन्न चरणों में चल रहा है :

आकाशवाणी :

सागर, गुना और बालाघाट में नये आकाशवाणी केन्द्र । भोपाल, जगदलपुर और ग्वालियर के ट्रांसमीटरों की शक्ति बढ़ाना।

दूरदर्शन :

जबलपुर में उच्च शक्ति टी0वी0 ट्रांसमीटर । दतिया और जावरा में अल्प शक्ति टी0वी0 ट्रांसमीटर और कुकड़ेश्वर तथा पराशिया में अति अल्प शक्ति टी0 वी0 ट्रांसमीटर।

मध्य प्रदेश से समाचारपत्रों और पत्रिकाओं का प्रकाशन

2361. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश से प्रकाशित हो रहे उन समाचार पत्रों और साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्रिकाओं के नाम क्या-क्या हैं जिन्हें विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा विज्ञापनों के प्रकाशन के योग्य पाया गया है; और

(ख) मध्य प्रदेश के उन समाचारपत्रों और साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्रिकाओं के नाम क्या-क्या हैं जिनमें उक्त निदेशालय द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे विज्ञापन प्रकाशित कराये गये और कुल कितनी धनराशि के विज्ञापन प्रकाशित कराये गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में प्रकाशित बहुत से दैनिक, साप्ताहिक पाक्षिकों और मासिक पत्रिकाओं को विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा वर्षों से विज्ञापन जारी करने के लिए उपयुक्त पाया गया है। मध्य प्रदेश से प्रकाशित होने वाली उन पत्रिकाओं के नाम की सूची जिन्हें विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान विज्ञापन जारी किए गए, संसद भवन के पुस्तकालय में रखी है।

गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश से प्रकाशित पत्रिकाओं को कुल 2,47,67,776-00 रुपए के विज्ञापन जारी किए गए।